आरोप — नगर परिषद रिकॉर्ड में अवैध मकान दर्ज कराने का मामला पहुंचा प्रशासन तक, आदिवासी महिला ने लगाई गुहार

# आदिवासी भूमि पर कब्जे की साजिश, भाजपा पदाधिकारी पर गंभीर आरोप




**शहपुरा (डिंडोरी)नवभारत।** शहपुरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में शासकीय आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जे और मकान दर्ज कराने के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। क्षेत्र की निवासी रज्जो बाई पति वीरेंद्र चक्रवर्ती ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती पर अपनी माता सिया बाई पति शिवदास चक्रवर्ती के नाम से अवैध रूप से मकान दर्ज कराने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता ने जिक्र किया कि विवादित भूमि शासकीय भूमि है, जो आदिवासी (वनवासी) वर्ग के लिए आरक्षित है। शासन के निर्देश स्पष्ट हैं कि गैर-आदिवासी इस भूमि पर कब्जा या निर्माण नहीं कर सकते। बावजूद इसके, राजनीतिक दबाव के चलते नगर परिषद के अभिलेखों में मकान दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है।

रज्जो बाई का कहना है कि यह भूमि उनके खेत के सामने स्थित है और लंबे समय से आदिवासी समुदाय के उपयोग में रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता अपने पद का दुरुपयोग कर शासन के नियमों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जा न कर सके।

### अधिकारों की सुरक्षा का सवाल

रज्जो बाई ने कहा कि राजनीतिक रसूख के सहारे लोग शासकीय भूमि को निजी संपत्ति की तरह हड़प रहे हैं। यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि आदिवासियों के अधिकारों का सीधा हनन है।शिकायत की प्रतिलिपि सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर डिंडोरी और एसडीएम शहपुरा को भेजी गई है ताकि मामले में पारदर्शी जांच और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### इनका कहना है

लगाये गये आरोप बेबुनियाद और निराधार है। यह सब किसी के बहकावे मे आकर किया जा रहा है।

**भजन लाल चक्रवर्ती**
**भाजपा मण्डल अध्यक्ष व पार्षद**

मामला अभी मेरे संज्ञान मे नहीं है, मै जानकारी लेकर ही बता पाऊंगा।

**ऐश्वर्य वर्मा**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, शहपुरा**



# यदुवंशियों ने परंपरा अनुसार किया दिवाली नृत्य

**दीपावली पर्व में दीपों की रोशनी से जगमगाया गांव**

**नवभारत, बाकल।** ग्राम महगवां में इस वर्ष भी दीपावली का पावन पर्व परंपरा और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे गांव में दीपों की जगमगाहट और रंगोली की सुंदर सजावट ने माहौल को उल्लासमय बना दिया।

शाम होते ही घर-आंगन दीपों से चमक उठे और चारों ओर उत्सव का वातावरण बन गया। ग्राम की विशेष परंपरा के अंतर्गत यदुवंशी ग्वाल समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गोवर्धन पूजा और पारंपरिक दिवाली नृत्य का आयोजन किया गया।

भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद समाज के युवाओं ने ढोल-मंजीरों और नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक नृत्य कर सबका मन मोह लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से लगातार होता आ रहा है, जो गांव की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। आयोजन में हेमराज यादव, राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, प्रकाश राजपाल, चेनु पटेल, गुल्ले यादव, सतेंद्र यादव, आशीष यादव, कमलेश यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।




# वृंदावन ग्राम चयन हेतु अधिकारियों ने किया सरवाही ग्राम का निरीक्षण

**शहपुरा,नवभारत।** वृंदावन ग्राम योजना के चयन के लिए गुरुवार के दिन एसडीएम शहपुरा, एपीओ मनरेगा, एसडीओ आरईएस एवं पीसीओ ने संयुक्त रूप से विकासखंड शहपुरा के ग्राम सरवाही का निरीक्षण किया। वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक ग्राम का चयन किया जाना है, जिसे आने वाले समय में मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना के तहत सोलर इलेक्ट्रिफिकेशन, गौशाला स्थापना, ग्राम सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम में जारी निर्माण कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी विकास संबंधी आवश्यकताओं और सुझावों को भी जाना।।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट**



**डिंडोरी, नवभारत।** जल जीवन मिशन के तहत विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार डिंडोरी में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया (अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रदेश परस्ते, विधायक ओमकार मरकाम (डिंडोरी), विधायक ओमप्रकाश धुर्वे (शहपुरा), जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे (डिंडोरी), पवन्ती कुशराम (समनापुर), रामप्रसाद तेकाम (मेहंदवानी), गीता पट्टा (करंजिया), फूलकली मरावी (बजाग), सीईओ जिला पंचायत राहुल पांडे, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिक (उपाध्यक्ष, छ्ङ्कस्ररू), कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (सचिव, छ्ङ्कस्ररू) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जल जीवन मिशन के ठेकेदार उपस्थित रहे।

बैठक में जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 454 ग्राम तथा जल निगम मर्यादित को 450 ग्राम कार्य हेतु आवंटित किए गए हैं। इन योजनाओं के तहत 1,68,570 घरों में नल-जल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, जिसके विरुद्ध अब तक 1,07,422 घरों को योजना का लाभ मिल चुका है।

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने शेष घरों में शीघ्र नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम मर्यादित की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा महाप्रबंधक को सप्ताह में तीन दिन डिंडोरी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन से छूटे बसाहटों को 'धरती आबा योजना' के अंतर्गत जोड़ा जाए। पूर्ण योजनाओं के हस्तांतरण से पूर्व जनपद पंचायत सीईओ से अनुमोदन अनिवार्य रूप से लिया जाए एवं हर घर जल की जानकारी समयपूर्व साझा की जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की तैयारी हेतु हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत एवं आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। साथ ही सड़क निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन ग्रामों की योजनाएं विद्युत समस्या के कारण बाधित हैं, उन्हें शीघ्र सुधारकर चालू किया जाए। पूर्ण योजनाएं यदि बंद पाई जाती हैं, तो उनका स्थल निरीक्षण कर सुधार सुनिश्चित किया जाए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों पर अनुबंध अनुसार कार्रवाई की जाएगी, उनके अनुबंध निरस्त कर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जल मिशन की योजनाओं से कोई भी बस्ती या घर छूटना नहीं चाहिए। यदि बार-बार निर्देश देने के बावजूद लापरवाही की जाती है, तो संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि जिन ग्रामों में नल-जल योजना पूर्ण हो चुकी है, वहां सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छूटे हुए घरों को योजना से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में जिले के किसी भी परिवार को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।



# कर्तव्य पथ पर बलिदान देने वाले वीरों को किया नमन

**अमर जवान शहीद स्मारक पर अर्पित किए गए पुष्पचक्र**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी शहीद पुलिसकर्मियों के नाम का वाचन कर अमर जवान शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, जनप्रतिनिधि दीपक टंडन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे, डीएसपी उमराव सिंह और रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत सहित जिले के कई पुलिस विभाग और प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके प्रति पुलिस विभाग ने कृतज्ञता और गर्व की भावना व्यक्त की।

# अग्निकांड के आरोपी को पुलिस ने आयोध्या से पकड़ा

**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत क्षेत्र में रहने वाले नाजिम खान के घर के बाहर आग लगाने वाले एक आरोपी शुभम त्रिपाठी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के आयोध्या से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दीपोत्सव की भारी भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों के बीच अयोध्या से आरोपी शुभम त्रिपाठी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया कि 26-27 अगस्त 2025 की रात नाजिम खान के घर के मुख्य द्वार में आग लगा दी गई थी। आग लगाने वाले युवक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक सफेद स्कूटी से आते हुए दिखाई दिए और फिर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर फरार हो गए थे। आग लगाने की घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आगजनी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।

# युवक को बांधकर पीटा, ग्रामीणों ने चक्काजाम कर किया प्रदर्शन





**बाकल में ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक को बंधक बनाकर की गई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को बाकल बस स्टैंड स्थित राज्य मार्ग क्रमांक 48 पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। करीब दो घंटे तक चला यह चक्काजाम प्रशासन के समझाने-बुझाने के बाद समाप्त हुआ। मौके पर बहोरीबंद थाना प्रभारी, एसडीओपी सलीमनाबाद एवं पुलिस उप अधीक्षक पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत लोगों से चर्चा कर आरोपियों पर सख्त धाराएं लगाने और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद ही भीड़ शांत हुई और मार्ग यातायात के लिए खोला गया। इस दौरान बहोरीबंद और बाकल का पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। ग्राम बाकल निवासी पीड़ित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह वृहताकार सहकारी समिति में चौकीदार के रूप में कार्यरत है। दिनांक 19 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे वह विनीत राय की दुकान पर गुटखा खरीद रहा था, तभी आरोपी आसिम खान आया और उसे नरघी वाले खेत तक छोड़ने के लिए कहा। खेत पहुंचने पर आसिम के साथ आमिल खान भी वहां पहुंच गया और दोनों ने युवक को खेत के अंदर ले जाकर गाली-गलौज करते हुए मोबाइल पासवर्ड मांगने लगे। जब युवक ने पासवर्ड खोलने से इनकार किया तो दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। लकड़ी से प्रहार कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद युवक ने अपने भाई को घटना की जानकारी दी और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच कर रहे एडिशनल एसपी ने कहा कि आंदोलनकारियों की मांगों के अनुसार आरोपियों के घरों की तलाशी ली जाएगी और आवश्यकतानुसार धाराओं में इजाफा भी किया जाएगा।

# जंगली सुअर का शिकार करने और मांस खरीदने पर दो धराए

**रीठी वन परिक्षेत्र में किया गया था शिकार**



**कटनी, रीठी।** वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन और उपवन मंडलाधिकारी श्रीमती जया त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रीठी अंतर्गत केना गांव में जंगली सूअर का शिकार करने के बाद काट कर बेचते हुए रतीराम आदिवासी और एक व्यक्ति गणेश पटेल ग्राम देवरीखुर्द द्वारा इस मास को खरीद कर पकाकर खाते हुए पकड़ कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक महंत सिंह परिहार, हरप्रसाद बर्मन, बीट गार्ड रोहित कोल, राजकुमार बर्मन, प्रशांत कुमार, अजय सिंह, सनोद कोल, अश्वनी शर्मा की भूमिका रही। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि आगे भी वन्य प्राणी के शिकार के किसी भी प्रकार के प्रयास पर विधि अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन — बड़वारा के पठरा और विजयराघवगढ़ के नन्हवारा कला में की गई गोवर्धन पूजा में शामिल हुईं जिला पंचायत सीईओ

# गौशाला में की गई गोवर्धन पूजा, गौमाता की सेवा और गौवंश रक्षा का संकल्प



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र की चिन्हित ग्राम पंचायतों में कृषि और समृद्धि के प्रतीक गौवंश और गोवर्धन पूजन के कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किए गए।

जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत पठरा में आयोजित गोवर्धन पूजन में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत नन्हवारा कला में एडीएम नीलांबर मिश्र, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों प्रभा तेकाम और ब्रतेश जैन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की स्त्रोत गौ माता की सेवा, गौ वंश की रक्षा, सम्मान और संवर्धन के लिए गौशालाओ में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किए गए। मानव विकास समिति द्वारा संचालित बजरंग गौशाला पठरा में आयोजित गोवर्धन पूजा में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर शामिल हुईं। आध्यात्मिक वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोवर्धन पूजा हुई। ग्वाल कलाकारों द्वारा मनमोहक ,आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ में गंगा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला में गोवंश की रक्षा और सम्मान के लिए गोवर्धन पूजन का कार्यक्रम उल्लास और गरिमामई वातावरण में आयोजित हुआ। एडीएम नीलांबर मिश्रा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, अनुविभागीय अधिकारी श्री विवेक गुप्ता और जनपद पंचायत के सीईओ सहित उप सरपंच और पंचगण मौजूद रहे। पूजन के दौरान सुख, समृद्धि की कामना की गई है।